प्रीलिम्स फैक्ट्स : 7 जनवरी, 2019

drishtiias.com/hindi/current-affairs-news-analysis-editorials/prelims-facts/07-01-2019/print

चक्रवात 'पाबुक'

हाल ही में चक्रवात 'पाबुक' ने अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह पर दस्तक दी।

- इस चक्रवात की उत्पत्ति थाईलैंड की खाड़ी में हुई है।
- यह तूफान अंडमान सागर और उसके आसपास मंडराता रहा है।
- केंद्र सरकार ने चक्रवाती तूफान की चपेट में आए अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के लिये 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया है।
- 'ऑरेंज' अलर्ट मौसम संबंधी एक चेतावनी होती है, जो चक्रवात जैसी स्थितियों से उत्पन्न होने वाले खतरों के स्तर को इंगित करता है।
- 'ऑरेंज' अलर्ट खराब या अत्यंत खराब मौसम के बारे में लोगों को सावधान रहने की चेतावनी है।
- इस अलर्ट के तहत सड़क और हवाई यात्रा बाधित हो सकती है साथ ही जीवन और संपत्ति को भी खतरा हो सकता है।

चक्रवात का विज्ञान समझें...

चीन का लूनर रोवर युतु-2

हाल ही में चीन ने चंद्रमा के अनदेखे हिस्से के बारे में जानकारी जुटाने के लिये चांग ई-4 यान का प्रक्षेपण किया।

- चीन के सिचुआन प्रांत में स्थित शीचांग उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से लॉन्ग मार्च-3 रॉकेट के ज़रिये यह प्रक्षेपण किया गया था।
- चांग ई-4 का उद्देश्य चंद्रमा के उस हिस्से के रहस्यों का खुलासा करना है, जहाँ अभी तक कोई यान नहीं गया है।

Chang E-4

- ध्यातव्य है कि चंद्र अभियान 'चांग ई-4' का नाम चीनी पौराणिक कथाओं की चंद्रमा देवी के नाम पर रखा गया है।
- चीनी मीडिया के मुताबिक, चंद्रमा की सतह पर उतरने वाले खोजी रोवर का नाम युतु-2 होगा।
- युतु-2 रोवर, चंद्र अभियान 'चांग ई-4' का ही एक हिस्सा है।

चीन के इस अभियान के बारे में और पढ़ें

चाँद के 'डार्क साइड' पर पहली बार लैंडिंग करेगा चीन का रोवर